<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक – 08.05.2026 (संध्या–1900 बजे)</u>

**मुख्य समाचार**

- **पश्चिम बंगाल के नए मुख्यमंत्री होंगे सुभेंदू अधिकारी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में विधायक दल की बैठक में लगी मुहर, झारखंड भाजपा ने दी बधाई।**
- **हजारीबाग और रामगढ़ समेत कई जिलों में बिजली–पानी संकट के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन, झामुमो ने भाजपा की कार्यशैली पर उठाये सवाल।**
- **बोकारो पुलिस विभाग में हुए 10 करोड़ रुपये से अधिक के वेतन घोटाले की जांच तेज, उच्चस्तरीय समिति ने की दस्तावेजों की गहन समीक्षा।**
- **मौसम विभाग ने कल के लिए जारी किया ऑरेंज अलर्ट, रांची, हजारीबाग, बोकारो, रामगढ़ और खूंटी में ओलावृष्टि की चेतावनी।**
- **रांची में हॉकी इंडिया आयोजित करेगा स्टेट लेवल कोर्स, अंपायरों और टेक्निकल ऑफिशियल्स को दी जाएगी विशेष ट्रेनिंग।**

****************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुभेंदु अधिकारी पश्चिम बंगाल के नए मुख्यामंत्री होंगे। कोलकाता में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में भाजपा विधायक दल की बैठक में श्री अधिकारी को विधायक दल का नेता चुना गया।इसके बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने श्री अधिकारी के चयन की औपचारिक घोषणा की।

सुभेंदु अधिकारी के भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर झारखंड भाजपा ने बधाई दी है। नई भाजपा सरकार का शपथ ग्रहण समारोह कल कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में होगा।

****************

राज्य में बिजली और पानी के संकट को लेकर भाजपा ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इसी कड़ी में आज हजारीबाग में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में पहुंचे प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही ने राज्य सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि राज्य को केंद्र से पेयजल सुधार के लिए मिले 12 हजार 700 करोड़ रुपये का बंदरबांट कर लिया गया। मौके पर मौजूद सांसद मनीष जायसवाल ने भी हजारीबाग में बिजली की बदहाल स्थिति और पानी के हाहाकार पर गहरी चिंता जताई।

****************

उधर, रामगढ़ में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा और बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं और महिलाओं ने कोर्ट मोड़ से समाहरणालय तक विरोध मार्च निकाला।

****************

झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता और पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला है। जमशेदपुर में महंगाई के खिलाफ आयोजित प्रदर्शन के दौरान उन्होंने भाजपा की कार्यशैली पर सवाल उठाये। श्री षाड़ंगी ने दावा किया कि झारखंड में झामुमो के नेतृत्व वाला महागठबंधन पूरी तरह एकजुट है।

****************

गोड्डा सांसद डॉक्टर निशिकांत दुबे ने कहा है कि देवघर समेत पूरा संथाल परगना क्षेत्र विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। सांसद ने क्षेत्र में चल रही प्रमुख परियोजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि नए पावर ग्रिड, बेहतर रेल कनेक्टिविटी और वंदे भारत जैसी अत्याधुनिक ट्रेनों से आधारभूत ढांचे को अभूतपूर्व मजबूती मिल रही है।

****************

नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में कल से देश का पहला अंतर्राष्ट्रीय नेत्र रोग अनुसंधान सम्मेलन शुरू होने जा रहा है। आर्मी हॉस्पिटल और अखिल भारतीय नेत्र रोग सोसायटी के सहयोग से आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ करेंगे।

****************

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देश भर में घरेलू एलपीजी की सुचारूआपूर्ति जारी है और किसी भी वितरक पर आपूर्ति में कमी की कोई रिपोर्ट नहीं है। नई दिल्ली में आज पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि घरेलू उपभोक्ताओं को गैस की कमी का सामना न करना पड़े और कीमतें स्थिर बनी रहें।

****************

बोकारो पुलिस विभाग में हुए 10 करोड़ रुपये से अधिक के वेतन घोटाले की जांच के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति आज बोकारो पहुंची। समिति के अध्यक्ष और राज्य उत्पाद विभाग के प्रधान सचिव डॉ. अमिताभ कौशल ने सर्किट हाउस में जिला प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मैराथन बैठक की। डॉ. कौशल ने बताया कि घोटाले की जड़ें गहरी हैं और इसकी बिंदुवार जांच की जा रही है।

****************

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् आगामी 11 और 12 मई को रांची में दो दिवसीय एक्सपोजर विजिट का आयोजन करने जा रही है। इस कार्यक्रम के माध्यम से राज्य के जनजातीय छात्रों को राजधानी के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों, ऐतिहासिक स्मारकों और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को करीब से देखने का मौका मिलेगा। आज रांची में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया गया।

****************

विश्व रेड क्रॉस एवं रेड क्रिसेंट दिवस के अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने प्रदेशवासियों और संस्था के स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं दी हैं। राजभवन से जारी अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि रेड क्रॉस से जुड़े कार्यकर्ताओं का योगदान समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायी है।

****************

रांची में जल संरक्षण पर केंद्रित सुजलम झारखंड 2026 का भव्य आयोजन हुआ। जल संसाधन विभाग और सस्टेनेबल कॉमर्स फोरम के इस साझा प्रयास में विशेषज्ञों ने जल सुरक्षा की चुनौतियों पर चर्चा की। मौके पर राज्य के जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन ने बढ़ते जल संकट पर गहरी चिंता व्यक्त की है।

****************

मौसम विभाग ने राज्य में अगले कुछ दिनों तक भारी बारिश और ओलावृष्टि को लेकर चेतावनी जारी की है। मौसम केंद्र के अनुसार, 14 मई तक राज्य के अलग–अलग हिस्सों में रुक–रुक कर बारिश होगी।

कल रांची, हजारीबाग, बोकारो, रामगढ़ और खूंटी जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन क्षेत्रों में ओलावृष्टि के साथ 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की आशंका है।

****************

हॉकी इंडिया द्वारा आगामी 22 से 24 मई तक रांची में अंपायरों और टेक्निकल ऑफिशियल्स के लिए स्टेट लेवल कोर्स का आयोजन किया जाएगा। ईस्ट जोन के इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में झारखंड समेत विभिन्न राज्यों के प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। इस कोर्स के लिए खिलाड़ियों के पास नेशनल चैंपियनशिप में खेलने और ऑफिशिएटिंग का कम से कम तीन साल का अनुभव होना अनिवार्य है। हॉकी इंडिया ने इच्छुक उम्मीदवारों से 10 मई तक ऑनलाइन नामांकन करने की अपील की है।

**********समाप्त***********